Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding alleged corruption in PM Aawas Yojna in West Bengal.

श्रीमती लॉकेट चटर्जी (हुगली): धन्यवाद सभापति महोदय।

माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में गरीबों के लिए पिछले 8 सालों में बहुत कार्य हुए हैं। वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी जी शक्ति में आए, उस समय उन्होंने शपथ ली थी कि उनका जो काम होगा, वह गरीबों के लिए और महिलाओं के लिए समर्पित होगा। जैसी उनकी बात, वैसा ही उनका कर्म। कांग्रेस ने 70 सालों में और तृणमूल कांग्रेस ने 12 सालों में केवल गरीबी हटाओ का नारा उठाया। नारा अभी चालू है, लेकिन गरीबी हटाने के लिए कुछ भी नहीं किया। मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की बहुत सारी योजनाएं बंगाल में गयी हैं, लेकिन बंगाल में जाकर उनका नाम चेंज हो जाता है। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपकी डिमांड क्या है?

श्रीमती लॉकेट चटर्जी : महोदय, केंद्र सरकार की योजना के नाम को बदल दिया जाता है। जैसे कि स्वच्छ भारत योजना निर्मल बांग्ला हो जाती है। प्रधान मंत्री आवास योजना बांग्ला आवास योजना हो जाती है।

माननीय सभापति : कृपया अपनी मांग रखिए।

श्रीमती लॉकेट चटर्जी : अगर आप देखेंगे, तो पाएंगे कि प्रधान मंत्री आवास योजना में बहुत करप्शन है। हम चाहते हैं कि पश्चिम बंगाल में जो करप्शन हो रहा है, उसकी जांच होनी चाहिए तथा प्रधान मंत्री जी की जो योजना है, वह सभी के घरों में जानी चाहिए। इस पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। धन्यवाद।